State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्रमांक / शिक्षक शिक्षा / 30–2 डी.एड. / दूरस्थ शिक्षा / 2013–14 / दिनांक

प्रति,

प्राचार्य / केन्द्र प्रभारी

....

जिला ....

विषयः– दूरस्थ शिक्षा प्रशिक्षण संबंधी बैठक में प्रतिभागिता हेतु।

––00––

''निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 धारा 23 की उपधारा 2 के अनुसार–*''ऐसा कोई शिक्षक, जिसके पास इस अधिनियम के प्रारम्भ पर धारा 23 की उपधारा 1 के अधीन यथा अधिकथित न्यूनतम अर्हताएं नहीं है, पांच वर्ष की अवधि के भीतर ऐसी न्यूनतम अर्हताएं अर्जित करेगा। ''*

इसी परिपेक्ष्य में दूरस्थ शिक्षा से अप्रशिक्षित शिक्षकों के डी.एड. प्रशिक्षण हेतु राज्य शासन द्वारा विगत् वर्ष 2012–13 से अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस प्रशिक्षण हेतु विगत् वर्ष 2012–13 में 100 अध्ययन केन्द्र बनाए गए थे जिनमें इस वर्ष प्रशिक्षार्थियों की संख्या के आधार अतिरिक्त स्रोत व्यक्ति चिन्हांकित करने हेतु एस.सी.ई.आर.टी. से निर्देश दिए गए है। इस वर्ष 2013–14 में 40 से 50 नए अध्ययन केन्द्र बनाए जा रहे हैं, इन्हें भी स्रोत व्यक्ति चिहांकित करने निर्देशित किया गया है।

इसी पर चर्चा हेतु केन्द्रों की एक दिवसीय बैठक एस.सी.ई.आर.टी.में रखी जा रही है। अतः कृपया केन्द्र प्रभारी अथवा केन्द्र समन्वयक निम्नलिखित जानकारीयों के साथ नीचे दी गई निर्धारित तिथि में प्रातः 10:30 बजे अपनी उपस्थिति प्रदान करें–

1. केन्द्र में पंजीकृत एवं प्रवेशित प्रशिक्षार्थियों की संख्या।
2. केन्द्र में कार्य कर रहे एवं नए चिहांकित स्रोत व्यक्तियों की संख्या एवं नाम।
3. प्राप्त पुस्तकों की संख्या एवं कितनी पुस्तकों की आवश्यकता है।

क्रं.	दिनांक	केन्द्र क्रमांक
1	24.09.2013	इस वर्ष स्थापित किए जा रहे सभी नए केन्द्र एवं सभी डाइट / बी.टी.आई.
2	25.09.2013	केन्द्र क्र. 01 से 50 (डाइट / बी.टी.आई. छोड़कर)
3	26.09.2013	केन्द्र क्र.51 से 100 (डाइट / बी.टी.आई. छोड़कर)

(अनिल राय)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.छ.ग.रायपुर

यदि किसी अध्ययन केन्द्र के लिये निर्धारित तिथि को चुनाव प्रशिक्षण हो तो केन्द्र समन्वयक 24/25/26 सितम्बर में से जिस दिन चुनाव प्रशिक्षण नहीं हो उस दिन उपस्थित हो सकते हैं।

कृपया डी.एड. द्‌वितीय वर्ष से संबंधित निम्न जानकारियां साथ लायें।

1. परीक्षा में बैठे कुल प्रशिक्षार्थी
2. परीक्षा में कुल अनुपस्थित प्रशिक्षार्थी
3. प्रशिक्षार्थी की संख्या जो 75% से कम उपस्थिति के कारण परीक्षा में नहीं बैठे।

****